कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) रायपुर (छ.ग.)

Phone No. And Fax No.-0771-2426831 E-Mail- actd.raipur@nic.in

//प्रेस विज्ञप्ति//

परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र रायपुर में रेल्वें/बैंकिंग/एस.एस.सी. जैसे स्नातक स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु कोचिंग प्राप्त करने हेतु विद्यार्थियों से 15 दिसंबर तक आवेदन आमंत्रित

युवा कैरियर निर्माण योजना वर्ष 2015 अंतर्गत राज्य के रायपुर जिला मुख्यालय में स्थित परीक्षा पूर्व केन्द्र पर 100 सीट के लिए राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र विद्यार्थियों को बैंकिंग भर्ती बोर्ड, रेल्वें भर्ती बोर्ड, कर्मचारी चयन आयोग, छ.ग. व्यापम इत्यादि के माध्यम से ली जाने वाली परीक्षाओं के लिए कोचिंग सुविधा प्रदान करने की योजना है। यह कोचिंग एक वर्ष के लिए या प्रतियोगी परीक्षा के होने तक जो भी पहले हों तक के लिए होगा। यह प्रशिक्षण आवासीय है तथा विद्यार्थियों को भोजन आदि के लिए रू. 1000/– माह शिष्यवृत्ति उपलब्ध कराया जाता है। कोचिंग की सुविधा निःशुल्क होती है। प्रशिक्षण हेतु कुल स्वीकृत सीट 100 है, जिसमें अ.जा. के लिए 30, अ.ज.जा. के लिए 50, अ.पि.व. के लिए 20 सीट आरक्षित है। वर्गवार 33% सीट महिलाओं के लिए सुरक्षित रहती है, अभ्यर्थियो का चयन प्राक्चयन परीक्षा एवं काउंसिलिंग के आधार पर किया जायगा। **प्राक्चयन परीक्षा दिनांक 19.12.2016** को **परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र (पुराना आयुक्त आदिम जाति कार्यालय) पं रविशंकर विश्वविद्यालय परिसर रायपुर** मे आयोजित की जायगी। **प्रशिक्षण सत्र 2 जनवरी 2017** से प्रारंभ होगा।

कोचिंग योजना का लाभ लेने के लिए विद्यार्थी निम्नांकित शर्तें पूर्ण करता हों :–

1. स्नातक परीक्षा 50% अंकों के साथ उत्तीर्ण हों। आवश्यकता अनुसार इसे शिथिल किया जा जा सकता।
2. न्यूनतम आयु 20 वर्ष एवं अधिकतम आयु 30 वर्ष होनी चाहिए।
3. छ.ग. राज्य के सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण–पत्र धारक हों।
4. पालक/अभिभावक आयकर दाता नही होना चाहिए तथा आवेदक के पास चयन होने की स्थिति मे सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र होना चाहिए।

अतः पात्र विद्यार्थी अपना आवेदन **15 दिसंबर 2016** तक सभी अभिलेखों के साथ सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायपुर कलेक्ट्रेट परिसर कमरा नंबर–40 मे शीघ्र संपर्क कर आवेदन जमा कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए 0771–2426831 पर संपर्क किया जा सकता है, योजना की पूर्ण जानकारी एवं आवेदन पत्र आदि विभाग के वेबसाईड **www.tribal.cg.gov.in** पर देखा जा सकता है।

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास रायपुर

पृ.क्रमांक/2187 /आदि0वि0/यु.कै.नि.यो./2016–17 रायपुर दिनांक :– 05/12/2016

प्रतिलिपि :–

1– आयुक्त, आदिम जाति तथा अनु.जाति विकास इंद्रावती भवन,नया रायपुर छ.ग. को सादर सूचनार्थ संप्रेषित।

2– संयुक्त संचालक, जनसम्पर्क संचालनालय रायपुर को अग्रेषित कर लेख है कि कृपया रोजगार नियोजन एवं राज्यस्तरीय समाचार पत्रों में 05 दिवस तक प्रकाशित करने का कष्ट करेगें।

3– संचालक, चौखंबा सोसायटी रायपुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।

सहायक आयुक्त,
आदिवासी विकास रायपुर